राजस्थान सरकार

अति आवश्यक

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान,
चिकित्सा, एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग,
राजस्थान, जयपुर फोन नं. 0141–5110731, E mail ID : kayakalp.raj@gmail.com

क्रमांकः– F 50 (1) NHM / Kayakalp / 2019 / 1256 दिनांकः– 11/3/2020

1. प्रबंधक
गोविन्द देव जी मन्दिर ट्रस्ट,
सिटी पैलेस परिसर, जयपुर।

2. प्रबंधक
खोले के हनुमानजी मन्दिर ट्रस्ट,
दिल्ली रोड, जयपुर।

विषय :– कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु किये जाने वाले उपायों के कम में।

जैसा कि आपको विदित है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु राज्य सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में चूंकि मन्दिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है जिसके फलस्वरूप संक्रमण फेलने की संभावना बनी रहती है।

अंतः आपसे अनुरोध है कि मन्दिर परिसर की फर्श, रेलिंग, दरवाजे, खिडकियों, बेंचेज इत्यादि को प्रतिदिन 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट सोल्युशन के माध्यम से विसंक्रमित करवाया जाना सुनिश्चित करावें। साथ ही मन्दिर परिसर में पर्याप्त मात्रा में आई.ई.सी. के माध्यम से लोगों को उक्त वायरस से संक्रमण रोकने के संबंध मे जागरूक करें।

संलग्नः– आई.ई.सी का प्रारूप।

अतिरिक्त मुख्य सचिव
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क. विभाग

क्रमांकः– F 50 (1) NHM / Kayakalp / 2019 / 1256 दिनांकः– 11/3/2020

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं प.क.।
2. निजी सहायक, मिशन निदेशक, एनएचएम।
3. जिला कलेक्टर, जयपुर।
4. निदेशक जन स्वास्थ्य/आरसीएच चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान।
5. आयुक्त नगर निगम जयपुर को भेजकर लेख है कि अन्य धार्मिक स्थलों को भी विसंक्रमित करवाने एवं संक्रमण से बचाव हेतु आई.ई.सी. करवाना भी सुनिश्चित करें।
6. अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग।
7. संयुक्त निदेशक –जयपुर जोन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग।
8. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम एवं द्वितीय।
9. उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, (स्वास्थ्य), जयपुर प्रथम एवं द्वितीय।
10. प्रभारी सर्वर रूम।

विशिष्ठ शासन सचिव
चिकित्सा ,स्वास्थ्य एंव प.क.विभाग
मिशन निदेशक, एनएचएम

नोवल कोरोनावायरस (COVID 19)

स्वयं की एवं दूसरों की रक्षा करें!

Help us to help you

सुरक्षा के उपाय : क्या करें और क्या न करें

क्या करें

- अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें
- साबुन से लगातार हाथ धोते रहें
- छींकने और खांसने के दौरान अपना मुंह ढकें
- जब आपके हाथ गंदे दिखें, तब अपने हाथों को साबुन और बहते पानी से धोएं
- जब आपके हाथ स्पष्ट रूप से गंदे न हों, तब भी अपने हाथों को अल्कोहल-आधारित हैंड वॉश या साबुन और पानी से साफ करें
- प्रयोग के तुरंत बाद टिशू को किसी बंद डिब्बे में फेंक दें
- अगर आप अस्वस्थता महसूस करते हैं, तो डॉक्टर से संपर्क करें - डॉक्टर से मिलने के दौरान अपने मुंह और नाक को ढंकने के लिए मास्क/कपड़े का प्रयोग करें
- अगर आप में कोरोनावायरस के लक्षण हैं, तो कृपया राज्य हेल्पलाइन नंबर या स्वास्थ्य मंत्रालय की 24*7 हेल्पलाइन नंबर +91-11-23978046 पर कॉल करें या ncov2019@gmail.com पर ईमेल करें।

क्या न करें

- यदि आपको खांसी और बुखार हो तो किसी के संपर्क न आएं
- सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें
- जीवित पशुओं से संपर्क या कच्चे/अधपके मांस के सेवन से बचें
- खेतों की यात्रा, जीवित पशुओं के बाजारों में या जानवरों के वध किये जाने वाले स्थलों पर न जाएं

स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी के लिए:

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के 24*7 हेल्पलाइन नं.